प्रेस विज्ञप्ति

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## 16 से 31 जुलाई तक चलेगा 'हरित यज्ञ' वृहद वृक्षारोपण अभियान, राज्यपाल करेंगे शुभारंभ

पंतनगर। 14 जुलाई 2026। उत्तराखण्ड के लोकपर्व हरेला के अवसर पर गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर में 16 से 31 जुलाई, 2026 तक वृहद वृक्षारोपण अभियान 'हरित यज्ञ' का आयोजन किया जाएगा। अभियान का शुभारंभ 16 जुलाई, 2026 को प्रातः 11:30 बजे गांधी हॉल में उत्तराखण्ड के महामहिम राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह द्वारा किया जाएगा।

विश्वविद्यालय के कुलपति डा. शिवेन्द्र कुमार कश्यप ने पंतनगर परिसरवासियों से हरेला पर्व को पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति के प्रति दायित्वबोध के साथ मनाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि हरेला उत्तराखण्ड का पावन लोकपर्व है, जो वर्षा ऋतु के आगमन, नई फसल की आशा, हरियाली, समृद्धि और नवजीवन का प्रतीक है। इस अवसर पर बीज बोने, पौधारोपण करने तथा धरती माता की पूजा करने की परंपरा हमें प्रकृति के साथ संतुलित एवं संवेदनशील जीवन जीने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय होने के नाते हरेला का महत्व विश्वविद्यालय परिवार के लिए और भी अधिक है। यह पर्व सतत कृषि, जैव विविधता के संरक्षण, जल एवं प्राकृतिक संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति हमारी सामूहिक जिम्मेदारियों का स्मरण कराता है। उन्होंने विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षकगण, वैज्ञानिकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं परिसरवासियों से अपील की कि वे 'हरित यज्ञ' अभियान के अंतर्गत अपने घरों एवं आसपास के स्थानों पर अधिक से अधिक पौधारोपण कर इस अभियान को सफल बनाएं तथा 16 जुलाई को गांधी हॉल में आयोजित उद्घाटन समारोह में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।